दैनिक भास्कर
BhaskarHindi.com

# 30 लाख रुपए की नकली शराब जब्त, 57 हजार के नकली नोट भी बरामद

June 09th, 2019 19:57 IST



**डिजिटल डेस्क, मुंबई।**राज्य उत्पाद शुल्क विभाग की टीम ने नकली शराब बनाने के कारखाने का भांडाफोड़ करते हुए 30 लाख रुपए का माल जब्त किया है। कार्रवाई रविवार को ठाणे जिले के अंबरनाथ एमआईडीसी में हुई। छापेमारी के दौरान यहां से नकली शराब के 475 बॉक्स बरामद हुए हैं। राज्य उत्पाद शुल्क विभाग की टीम ने गुप्त जानकारी के आधार पर एमआईडीसी इलाके में स्थित एक गोदाम पर छापा मारा था। यहां गोवा में बनाई जाने वाली विदेशी ब्रांड की शराब की खाली बोलतों में नकली शराब भरी जा रही थी। निरीक्षक दीपक परब की अगुआई में छापेमारी के दौरान उत्पादशुल्क विभाग की टीम ने पाया कि गोदाम में जिन बोतलों में शराब भरी जा रही थी गोवा में उसकी कीमत सिर्फ 90 रुपए है जबकि महाराष्ट्र में एक बोतल 600 रुपए में बिकती है। यहां से बरामद 475 बॉक्स में कुल 5580 बोतलें भरीं हुईं थीं। इसके अलावा यहां से बोतलों पर लगने वाली 50 हजार प्लास्टिक बूच भी बरामद हुईं हैं। बरामद कुल सामान की कीमत 29 लाख 52 हजार 800 रुपए हैं। अधिकारियों के मुताबिक बरामद शराब हल्के स्पिरिट का इस्तेमाल कर बनाई गई थी जिसे पीकर लोगों की जान को खतरा हो सकता था। कार्रवाई से पहले भी भनक लगने के चलते वहां से सभी लोग फरार होने में कामयाब हो गए। गोदाम सील कर उत्पाद शुल्क विभाग ने उसके मालिक जगदीश पाटील की तलाश शुरू कर दी है। मामले में पाटील के खिलाफ महाराष्ट्र शराबबंदी कानून की धारा 65(ई), 81, 83, 86, 90 और 108 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।

**57 हजार के नकली नोट बरामद**

ठाणे पुलिस ने 57500 रुपए के नकली नोटों के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आदिल मंसूरी नाम के आरोपी से पुलिस ने 500 रुपए की 115 नकली नोट बरामद कीं हैं। मंसूरी की मुंब्रा इलाके में लकी मैट्रेसेस नाम की दुकान है। पुलिस ने बताया कि दुकान में छापेमारी के दौरान यह नोट मिले हैं। बरामद नकली नोट मंसूरी कहां से लाया और इसे अब तक कितने लोगों को दे चुका है पुलिस इसकी छानबीन कर रही है।

Source: https://www.bhaskarhindi.com/city/news/30-lakh-rupees-liquor-seized-57-thousand-of-fake-currency-recovered-70148